अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

संख्या 60 श्री विजय पुरम, सोमवार, 02 मार्च 2026 web: dt.andamanı

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में किसान मेला सह प्रदर्शनी सफलतापूर्वक संपन्न

श्री विजय पुरम, 1 मार्च

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर–सीआईएआरआई) में आयोजित किसान मेला–2026 सह प्रदर्शनी सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस आयोजन ने द्वीपसमूह भर के किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों और विभिन्न हितधारकों को एक सशक्त मंच पर एकत्रित किया। यह कार्यक्रम नवीन कृषि तकनीकों के प्रसार, जलवायु–सहिष्णु खेती पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा किसान–वैज्ञानिक संवाद को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध हुआ।

समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ. ए. वेलमुरुगम, सहायक महानिदेशक (एसडब्ल्यूएम), आईसीएआर, नई दिल्ली ने की। इस अवसर पर आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. जय सुंदर, कार निकोबार के सीटीसी से जनजातीय प्रमुख श्री लियोनाल्ड निकोमेड सहित वैज्ञानिक, अधिकारी, किसान और अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

अपने समापन संबोधन में डॉ. ए. वेलमुरुगम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के कृषक समुदाय के लिए आईसीएआर–सीआईएआरआई के महत्वपूर्ण योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने द्वीपसमूह को "मिनी इंडिया" की संज्ञा देते हुए इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विशिष्ट कृषि–जलवायु परिस्थितियों का उल्लेख किया, जो मुख्यभूमि से भिन्न हैं। कार निकोबार के सीटीसी से जनजातीय प्रमुख श्री लियोनाल्ड निकोमेड ने किसानों, विशेषकर जनजातीय किसानों के हित में किसान मेला आयोजित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने ज़मीनी स्तर तक वैज्ञानिक ज्ञान और व्यावहारिक तकनीकों को पहुंचाने के

लिए आईसीएआर–सीआईएआरआई की सराहना की।

आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने अपने संबोधन में कहा कि दो दिवसीय किसान मेला अत्यंत लाभकारी रहा और यह नवाचार आधारित कृषि तकनीकों तथा व्यावहारिक ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुआ।

किसान मेले के अंतर्गत आयोजित फल एवं सब्ज़ प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतिभागियों ने उन्नत कृषि पद्धतियों से उगाई गई उच्च गुणवत्ता वाली उपज का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों–फल एवं सब्जी–में विभाजित किया गया था, जिससे किसानों को अपनी श्रेष्ठ उपज प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहन मिला।

इससे पूर्व, दक्षिण अण्डमान के कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. वाई. रामकृष्ण ने गणमान्य अतिथियों एवं किसानों का स्वागत करते हुए किसान मेले की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन निकोबार के कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संतोष कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के समन्वय की ज़िम्मेदारी उत्तर व मध्य अण्डमान के कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री यथार्थ शर्मा ने निभाई।